संपादकीय

घिबली का ट्रेंड

घिबली एप से अपनी तस्वीरों को नया कलेवर देने के लिए लोग पागल हुए जा रहे हैं, बिना यह जाने-समझे कि इसका इस्तेमाल किस कदर खतरनाक है।

आजकल आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की मदद से अपनी तस्वीरों को स्टूडियो घिबली स्टाइल में बदलने का चलन आम जन को इस कदर अपनी आगोश में लिये हुए है कि इससे होने वाले नुकसान की चिंता किसी को रत्ती भर भी नहीं है। स्वाभाविक रूप से यह गोपनीयता के लिए गंभीर खतरा है।

साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का भी यही मत है कि इसके इस्तेमाल में बेहद सतर्कता और समझदारी की जरूरत है। क्योंकि भले इस तरह के एप और एआई टूल्स सुरक्षित दिखें, मगर इनकी शर्त्रे और नियम बेहद अस्पष्ट होती हैं। एक बड़ा खतरा निजी तस्वीरों की चोरी और उसके गलत उपयोग का है।

कई बार डीपफेक बनाने में कई सेलेब्रिटी की तस्वीरों का उपयोग किया गया है। कई बार तो फोटो या डाटा डार्क वेब को बेचे भी गए हैं।

दरअसल, घिबली जापानी एनिमेशन की कला शैली स्टूडियो घिबली का ट्रेंड ओपन एआई के जीपीटी-4o मॉडल है, जिसमें तस्वीरों में महज आपका चेहरा ही नहीं बल्कि आपकी लोकेशन, वक्त और डिवाइस की जानकारी जैसा छिपा हुआ मेटाडाटा भी होता है और ये सभी निजी गोपनीय जानकारी आसानी से दे सकते हैं।

हम भारतीयों में भेड़ चाल चलने की बुरी आदत घर कर चुकी है। कोई भी नई तकनीक का इस्तेमाल हम बिना उसके गुण-दोष के आधार पर नहीं करते हैं। साइबर युग में इस तरह की गलती के बेहद खतरनाक अंजाम भुगतने की आशंका बलवती होती है। पहले भी तस्वीरों का डीपफेक की मदद से कितना भद्दा और गंदा मजाक किया गया, यह बताने की जरूरत नहीं है।

सरकार इन सब बातों से भिज्ञ है, मगर उसकी तरफ से कोई चेतावनी या निर्देश देने की पहल अब तक नहीं की गई है। होना तो यह चाहिए कि जनता को इसके बारे में सूचना और प्रसारण मंत्रालय को एक जागरूकता कैंपेन चलाना चाहिए।

सोशल मीडिया के जरिये सरकारी संस्थाओं को इस तरह के एप्लीकेशन पर बराबर नजर रखने और जनता को लगातार सतर्क रहने की कवायद करते रहना होगा। छोटी सी खुशी के चक्कर में बड़ा और कभी न भूलने वाले कृत्य को लेकर जनता को भी सोचना होगा। सिर्फ भीड़ का हिस्सा बनने से बचने में ही आज के वक्त में भलाई है। यह दौर वाकई बेहद खतरनाक है।

अमेरिका से तनातनी बढ़ी

चीन ने बोइंग विमानों की डिलीवरी रोकी, एयरलाइनों को नए विमान न खरीदने के निर्देश

नई दिल्ली

अमेरिका और चीन के बीच गहराते व्यापारिक तनाव का असर अब विमानन उद्योग पर भी दिखने लगा है। चीन ने अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग से नए विमानों की डिलीवरी लेने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इसके साथ ही, चीनी सरकार ने अपनी सभी एयरलाइनों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे अब बोइंग से न तो कोई नया विमान खरीदें और न ही अमेरिका से विमानों से जुड़े उपकरण या कलपुर्जे मंगाएं।

यह कड़ा कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीनी आयातों पर 145 प्रतिशत तक का भारी टैरिफ लगाने के फैसले के बाद उठाया गया है। इस टैरिफ वॉर के जवाब में चीन ने भी अमेरिकी उत्पादों पर 125 प्रतिशत तक का जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इन नए शुल्कों के कारण अमेरिका से आने वाले विमानों और उनके पार्ट्स की लागत चीन में दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है, जिससे चीनी एयरलाइनों के लिए बोइंग विमान खरीदना और संचालित करना आर्थिक रूप से अव्यवहारिक हो गया है।

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन अब उन एयरलाइनों की मदद करने के तरीके तलाश रहा है जिन्होंने पहले से बोइंग विमान लीज पर ले रखे हैं और अब बढ़ी हुई लागत का सामना कर रही हैं। चीन का यह फैसला बोइंग के लिए एक गंभीर चुनौती है, क्योंकि चीन दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में से एक है। अनुमान है कि अगले 20 वर्षों में वैश्विक विमानों की कुल मांग का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा अकेले चीन से आएगा। साल 2018 में बोइंग ने जितने विमान बेचे थे, उनमें से करीब एक-चौथाई (25त्न) चीन को ही डिलीवर किए गए थे।

हालांकि, हाल के वर्षों में अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध और बोइंग के विमानों की गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों (खासकर 2019 में दो घातक दुर्घटनाओं के बाद 737 मैक्स विमानों की ग्राउंडिंग, जिसमें चीन ने सबसे पहले रोक लगाई थी) के चलते चीन ने बोइंग को कोई बड़ा नया ऑर्डर नहीं दिया था। अब डिलीवरी पर पूरी तरह रोक लगने से बोइंग की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

ब्रिजस्टोन इंडिया ईवी-रेडी टायरों के साथ बाजार विस्तार की तैयारी में

नईदिल्ली

ब्रिजस्टोन इंडिया, यात्री और वाणिज्यिक वाहनों के लिए टायर निर्माता कंपनी, अपनी ट्यूरांज़ा 6द्व और ड्यूलर ऑल टेरेन 002 टायर श्रृंखला का विस्तार करने के लिए तैयार है। कंपनी विभिन्न वाहनों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इन लोकप्रिय श्रेणियों में नए आकार पेश करेगी। कंपनी के कार्यकारी निदेशक राजर्षि मोइत्रा के अनुसार, ट्यूरांज़ा 6द्व टायर एसयूवी, सीयूवी, सेडान और हैचबैक जैसे वाहनों के लिए डिज़ाइन किया गया है और वर्तमान में 14 से 20 इंच के आकार में उपलब्ध है। वहीं, ड्यूलर्र्/ज्ज 002 विशेष रूप से 4ड्ग4 वाहनों के लिए बनाया गया है।

मोइत्रा ने बताया कि कंपनी ने पिछले साल इन श्रेणियों में कुछ आकार लॉन्च किए थे और अब 2025 में मई से अक्टूबर के बीच कई नए विकल्प पेश किए जाएंगे। भारतीय टायर बाजार लगभग 4.4 करोड़ यूनिट का है, जिसमें ओईएम (ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर) खंड में 2 करोड़ यूनिट और आफ्टरमार्केट खंड में 2.4 करोड़ यूनिट शामिल हैं। ब्रिजस्टोन इंडिया का आफ्टरमार्केट खंड में 20% बाजार हिस्सेदारी का दावा है और यह मारुति सुजुकी, हुंडई, टाटा मोटर्स और महिंद्रा जैसे प्रमुख कार निर्माताओं के साथ काम करती है।

मोइत्रा ने अगले पांच वर्षों में आफ्टरमार्केट खंड में 6-8% वार्षिक वृद्धि का अनुमान जताया और कहा कि कंपनी अपनी 20% हिस्सेदारी बनाए रखने और उससे आगे बढ़ने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बढ़ती बिक्री के साथ, ईवी-रेडी टायरों की मांग भी बढ़ रही है। मोइत्रा ने कहा कि ट्यूरांज़ा 6द्व एक ईवी-रेडी टायर है और कंपनी इस साल के अंत तक अपने ईवी टायर पोर्टफोलियो का विस्तार करेगी। उन्होंने बताया कि ईवी वाहन पारंपरिक वाहनों से भारी होते हैं, जिसके कारण ईवी टायरों में अधिक टॉर्क सहने की क्षमता, कम शोर और कम रोलिंग प्रतिरोध की आवश्यकता होती है। 1996 में स्थापित ब्रिजस्टोन इंडिया की इंदौर और पुणे में दो उत्पादन इकाइयां हैं, जिनकी कुल दैनिक उत्पादन क्षमता 30,000 टायर है।

11 करोड़ अब होंगे वसूल, एलएसजी की टीम से जुड़ा 156.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाला गेंदबाज

लखनऊ। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मयंक यादव की लखनऊ सुपर जायंट्स (आईपीएल) में वापसी की खबर क्रिकेट प्रशंसकों के लिए उत्साहजनक हैं. मयंक, जो अपनी रफ्तार भरी गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं, चोट के कारण कुछ समय तक बाहर थे. अब उनकी वापसी से आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन कर रही आईपीएल की टीम की गेंदबाजी इकाई को मजबूती मिलने की उम्मीद है. लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव की चोट से रिकवरी हो गई है. एलएसजी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है. मयंक यादव आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन के बाद चोटिल हो गए थे. उन्होंने उस सीजन में केवल 4 मैच खेले, जिसमें 12.14 की औसत और 6.98 की इकोनॉमी रेट से 7 विकेट लिए. उनकी सबसे तेज गेंद 156.7 किमी/घंटा थी, जो उस सीजन में किसी भारतीय गेंदबाज की सबसे तेज गेंद थी. ताजा जानकारी के अनुसार, मयंक चोट से पूरी तरह से उबर गए हैं और बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें खेलने के लिए हरी झंडी दे दी है.

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तूफानी तेजी, निवेशकों की संपत्ति 17 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे कारोबारी दिन भी 'रॉकेट' जैसी तेजी देखने को मिल रही है। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी रिकॉर्ड स्तरों के करीब पहुंच गए हैं। पिछले करीब डेढ़ कारोबारी सत्रों (लगभग 555 मिनट) में निवेशकों की संपत्ति में 17 लाख करोड़ रुपये का भारी-भरकम इजाफा हुआ है, जिससे बाजार में जबरदस्त उत्साह का माहौल है।

दो दिन में निवेशकों की चांदी- शुक्रवार को भी बाजार लगभग 2 फीसदी की शानदार बढ़त के साथ बंद हुआ था, उस दिन निवेशकों ने 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक कमाए थे। आज मंगलवार को भी कारोबार के शुरुआती तीन घंटों में ही बाजार 2 फीसदी से ज्यादा चढ़ गया, जिससे निवेशकों की झोली में करीब 10 लाख करोड़ रुपये और आ गए। बाजार की इस रिकॉर्ड तोड़ तेजी ने पिछले कई सत्रों के नुकसान की भरपाई कर दी है।

इन कारणों से बाजार को मिला 'फ्यूल'- बाजार की इस तेज रफ्तार रैली को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कारकों से समर्थन मिल रहा है। मुख्य रूप से, बैंकिंग शेयरों में भारी खरीदारी देखने को मिल रही है, जो बाजार को ऊपर खींच रही है। वैश्विक स्तर पर सकारात्मक संकेतों, जैसे एशियाई बाजारों में उछाल और डॉलर इंडेक्स के निचले स्तर पर आने से भी भारतीय बाजार को फायदा हुआ है। इसके अतिरिक्त, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और देश में महंगाई के आंकड़ों में कमी ने भी बाजार की धारणा को मजबूत किया है। अमेरिका द्वारा टैरिफ को टालने के फैसले का सकारात्मक प्रभाव अभी भी बना हुआ है, और ऑटो सेक्टर पर से टैरिफ हटने की उम्मीदें बाजार को और गति दे रही हैं।

आगे भी तेजी जारी रहने की उम्मीद- बाजार जानकारों का मानना है कि अगर मौजूदा सकारात्मक माहौल बना रहता है और वैश्विक संकेतों का समर्थन मिलता है, तो आने वाले दिनों में शेयर बाजार में तेजी का यह दौर जारी रह सकता है और बाजार नई ऊंचाइयों को छू सकता है।

चहल की फिरकी में फंसा केकेआर, पंजाब ने 111 रन डिफेंड करके रचा इतिहास

चंडीगढ़

पंजाब ने आईपीएल इतिहास में अब तक के सबसे कम स्कोर का बचाव करके इतिहास रच दिया है. मुल्लांपुर में खेले गए आईपीएल 2025 के 31 वें मैच में पंजाब ने पहले 15.3 ओवर में 111 रन बनाए और फिर केकेआर को 15.1 ओवर में 95 रन पर ढेर कर दिया. पंजाब की जीत में अहम भुमिका निभाने वाले चहल ने 4 ओवर में 28 रन देकर 4 विकेट झटके, जिसकी वजह से उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया.

111 रनो का बचाब करने के लिए पंजाब के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की, युजवेंद्र चहल के अलावा तेज गेंदबाज मार्को जानसन ने तीन विकेट चटकाए और बाकी गेंदबाजों ने एक एक विकेट हासिल किए, जिसकी वजह से पंजाब आईपीएल के इतिहास में सबसे कम स्कोर का बचाव करने में कामयाब रहा.

112 रनों का पीछा करते हुए, कोलकाता ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज सुनील नरेन (5) और क्विंटन डी कॉक (2) को जल्दी-जल्दी खो दिया. उसके बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने सतर्क रुख अपनाया और पावरप्ले के अंत में टीम को 55/2 पर पहुंचा दिया. दोनों ने 60 रनों की साझेदारी की और केकेआर मैच जीतने की राह पर डाल दिया.

हालांकि, युजवेंद्र चहल ने आठवें ओवर में रहाणे (17) का विकेट लेकर पंजाब को खेल में वापस ला दिया. चहल ने अपने अगले ओवर में रघुवंशी को पवेलियन भेजा. उन्होंने पांच चौकों और एक छक्के सहित 37 रन बनाए. केकेआर के मध्यक्रम का प्रदर्शन बहुत खराब रहा, क्योंकि वेंकटेश अय्यर (7), रिंकू सिंह (2) और रमनदीप सिंह (0) ने स्पिनरों पर मूर्खतापूर्ण शॉट खेलकर आउट हो गए. हर्षित राणा और वैभव अरोड़ा भी दबाव का सामना करने में विफल रहे और सस्ते में अपने विकेट गंवा दिए. अंत में, आंद्रे रसेल ने अपने जवाबी स्ट्रोक प्ले से कुछ उम्मीद जगाई, लेकिन मार्को जेनसन ने उनके 17 रन के स्कोर पर बोल्ड कर दिया.

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब की टीम को हर्षित राणा के तीन विकेट, वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन की स्पिन जोड़ी के दो-दो विकेट ने 15.3 ओवर में 111 रनों पर समेट दिया था.

सौरभ चौधरी ने शूटिंग वर्ल्ड कप में रचा इतिहास, 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता ब्रॉन्ज मेडल

पेरू

पूर्व एशियाई खेलों और युवा ओलंपिक चैंपियन सौरभ चौधरी ने पेरू के लीमा में लास पालमास शूटिंग रेंज में वर्ष के दूसरे अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन चरण के पहले दिन 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपनी झोली में एक और विश्व कप पदक जोड़ लिया.

चीन के हू काई ने 246.4 के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता, जो विश्व रिकॉर्ड से सिर्फ 0.1 कम था, जबकि ब्राजील के ओलंपिक पदक विजेता फेलिप अल्मेडा वू ने सिल्वर मेडल जीता, जबकि सौरभ को 219.1 के साथ ब्रॉन्ज मेडल से संतुष्ट होने पड़ा.

इससे पहले, दो भारतीय, सौरभ और वरुण तोमर ने शीर्ष-8 फाइनल में जगह बनाई थी, जिसमें सौरभ ने क्वालीफिकेशन में 578 के स्कोर के साथ पांचवां स्थान, जबकि वरुण ने 576 के साथ 8वां स्थान हासिल किया था. दोनों भारतीयों ने फाइनल में भी शानदार शुरुआत की, जिसमें सौरभ दूसरे और वरुण तीसरे स्थान पर रहे, जबकि दूसरे चीनी झी यू ने शुरुआती पांच शॉट के बाद बढ़त हासिल की.

हालांकि, इसके बाद भारतीय जोड़ी को 10-रिंग तक पहुंचने में मुश्किल हुई, क्योंकि पहले दो सिंगल्स शॉट के बाद हू आगे निकल गए. तोमर ने अपने 14वें शॉट के लिए 10.9 का स्कोर किया, जिससे वह सातवें स्थान पर पहुंच गए. सौरभ ने भी अपने 14वें शॉट के लिए 10.7 का स्कोर बनाया. इसके बाद सौरभ 15वें और 16वें शॉट में 10.2 और 10.6 के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए.

सौरभ के 21वें और 22वें शॉट में अपेक्षित मुकाबला नहीं हुआ, क्योंकि उन्होंने दोनों बार 9.6 अंक हासिल किए, जिससे वू का सिल्वर मेडल जीतने का रास्ता साफ हो गया. वहीं, सौरभ ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया.

द भूतनी की रिलीज डेट पोस्टपोन, अब अजय देवगन की रेड 2 से टकराएगी संजय दत्त की हॉरर कॉमेडी



संजय दत्त और मौनी रॉय स्टारर द भूतनी का रिलीज डेट पोस्टपोन कर दिया गया है. यह फिल्म इस हफ्ते रिलीज होने वाली थी, जो कि अब नहीं होगी. मेकर्स ने आखिरी समय में फिल्म की रिलीज डेट बदलने का फैसला किया है. अब द भूतनी बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की रेड 2 से टकराएगी.

संजय दत्त ने एक्स हैंडल पर द भूतनी की नई रिलीज डेट का खुलासा किया है. उन्होंने नई रिलीज डेट के साथ एक हॉरर फिल्म का नया पोस्टर साझा किया और कैप्शन में लिखा है, इंसान मोहब्बत वाली डेट फिक्स कर सकता है, भूतनी के आने की नहीं... वो कब आएगी, कैसे आएगी, ये सिर्फ वही जानती है. लगा था 18 अप्रैल को आएगी लेकिन अब आ रही है 1 मई को, तैयार रहना. द भूतनी- 1 मई 2025 को सिनेमाघरों में.

अब द भूतनी 1 मई 2025 को रिलीज होगी. ध्यान देने वाली बात यह है कि संजय दत्त की हॉरर कॉमेडी फिल्म अब मजदूर दिवस यानी महाराष्ट्र दिवस पर अजय देवगन और रितेश देशमुख की रेड 2 से क्लैश करेगी.

नरेश अगस्त्य राबिया खातून की फिल्म मेघलु चेप्पिना प्रेमा कथा का फर्स्ट लुक जारी



मेघलु चेप्पिना प्रेम कथा का फर्स्ट लुक जारी। नरेश अगस्त्य ने फिल्म मथु वडालारा से प्रसिद्धि पाई। उन्होंने काली और विकटकवि जैसी फिल्मों में अभिनय किया। अब वह एक रोमांटिक फिल्म के साथ मनोरंजन करने आ रहे हैं और इसका दिलचस्प नाम मेघलु चेप्पिना प्रेम कथा है।

इस फिल्म में राबिया खातून मुख्य भूमिका में हैं और इसका निर्देशन विपिन ने किया है। निर्माताओं ने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया और यह रोमांटिक तत्वों से मंत्रमुग्ध कर देने वाला है। इसमें मुख्य जोड़ी और गिटार दिखाया गया है और इसने फिल्म प्रेमियों के बीच उत्सुकता के स्तर को तुरंत बढ़ा दिया है।

फिल्म में राधिका सरथकुमार मुख्य भूमिका में हैं, जबकि जस्टिन प्रभाकरन संगीत निर्देशक हैं।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की नई फिल्म कोस्टाओ का ऐलान, कस्टम अधिकारी की भूमिका में आएंगे नजर

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक बार फिर से अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं. उनकी नई फिल्म कोस्टाओ का ऐलान कर दिया गया है. यह फिल्म एक बायोपिक है, जिसमें नवाजुद्दीन, कस्टम अधिकारी कोस्टाओ फर्नांडीज की भूमिका निभाएंगे. फिल्म का निर्देशन सेजल शाह कर रहे हैं और इसे विनोद भानुशाली प्रोड्यूस कर रहे हैं. कोस्टाओ एक क्राइम ड्रामा फिल्म है, जो 1990 के दशक में गोवा में सोने की तस्करी के खिलाफ लड़ी गई लड़ाई की सच्ची कहानी पर आधारित है.

यह फिल्म उस दौर की कहानी है, जब भारत में तस्करी का बोलबाला था और गोवा इसके केंद्र में था. समुद्र के रास्ते सोने की अवैध तस्करी होती थी, जिसे रोकने के लिए एक बहादुर कस्टम अधिकारी कोस्टाओ फर्नांडीज ने अपने जीवन को दांव पर लगा दिया. नवाजुद्दीन सिद्दीकी इसी किरदार में नजर आएंगे. फिल्म में एक्शन, थ्रिल और रियल ड्रामा भरपूर होगा, जो दर्शकों को 90 के दशक के उस खतरनाक दौर की सैर कराएगा.

फिल्म कोस्टाओ को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज किया जाएगा. फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी गंभीर और रफ-टफ लुक में नजर आ रहे हैं. पोस्टर को देखकर ही यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह फिल्म एक इंटेंस और थ्रिल से भरी हुई कहानी लेकर आएगी.

कोस्टाओ फर्नांडीज ने 1990 के दशक में कई खतरनाक तस्करी के मामलों का पर्दाफाश किया था. उन्होंने अपने साहसी मिशनों से सोने की तस्करी को नाकाम किया और कई बड़े रैकेट्स को बेनकाब किया. फिल्म में उनके जीवन की इन्हीं नाटकीय घटनाओं को दिखाया जाएगा. नवाजुद्दीन का यह किरदार निश्चित रूप से दर्शकों को प्रेरणा देगा और एक सच्चे हीरो की कहानी बताएगा.

शब्द सामर्थ्य- 20

बाएं से दाएं :

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 019 का हल

स्वा	द		सा	म	ना		कै	दी
व		ख	ल	ना	य	क		वा
लं	प	ट		ना	क	क	ट	ना
बी		प				ड़ी		प
	अ	ट	प	टा			शा	न
स	ह		यो			र	ति	
ह	म		द	र	ब	द	र	
म	क	र		सी	ल			
त		क्षा		द	वा	खा	ना	

सू-दोकू- 20

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.019 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

आज का राशिफल

मेष: आज आपका दिन शुभ रहने वाला है। शिक्षकों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला हैं। आपको जल्द ही बड़ी सफलता मिलने वाली है। अगर आप अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके हैं, तो आपको किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर मिल सकता है।

वृष: आज आपके लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपको नौकरी में तरक्की के साथ-साथ आपकी इनकम में इंक्रीमेंट होने के योग हैं। आपका पारिवारिक जीवन अत्यंत सुखद रहने वाला है। आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए तत्पर रहेंगे।

मिथुन: आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। लेखन आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यस्थल पर अफसरों के साथ सद्भाव बनाकर रखेंगे। आपको तरक्की के कई मौके मिलेंगे।

कर्क: आज आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं। बिजनेस करने वालों को किसी अच्छी कंपनी से जुड़कर बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा मौका मिलेगा। बिजनेस से संबंधित यात्रा करनी पड़ेगी।

सिंह: आज आपके लिए दिन पॉजिटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा। सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे। आपके लिए पदोन्नति के आसार हैं। कार्यस्थल पर समझदारी पूर्वक लिए गए फैसले आपको बेहतर परिणाम देंगे।

कन्या: आज आपका दिन खास रहने वाला है। किसी पुरानी जमीन जायदाद से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको सरकारी क्षेत्र में अच्छी नौकरी मिलेगी। आप और आपका परिवार बहुत खुश होगा।

तुला: आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस से जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं।

धनु: आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से संबंधी आपकी मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिजल्ट मिलेंगे। अच्छे कॉलेज में आप एडमिशन पाएंगे। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मकर: आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी?। मास कम्युनिकेशन के छात्रों के लिए खास अवसर मिलने की संभावना है।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। नौकरी ढूंढ रहे युवाओं को अच्छी नौकरी मिलने के योग हैं। प्रापर्टी डीलर का काम करने वालों के कामकाज बेहतर रहेंगे।

मीन: आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। आपको किसी अच्छी कंपनी से जॉब के लिए ऑफर मिलेगा। जिससे आपका भविष्य सुरक्षित होगा। आपकी मेहनत के अच्छे परिणाम मिलेंगे।